AglaSem Career

# JP-1

**PAPER I / प्रश्न-पत्र I**

**MAIN TEST BOOKLET / मुख्य परीक्षा पुस्तिका**

Test Booklet No. / परीक्षा पुस्तिका संख्या: 1271801

Test Booklet Code / परीक्षा पुस्तिका संकेत: **A**

This booklet contains 56 pages.
इस पुस्तिका में 56 पृष्ठ हैं ।

**Do not open this Test Booklet until you are asked to do so.**
**इस परीक्षा पुस्तिका को तब तक न खोलें जब तक कहा न जाए ।**

**Read carefully the Instructions on the Back Cover of this Test Booklet.**
**इस परीक्षा पुस्तिका के पिछले आवरण पर दिए निर्देशों को ध्यान से पढ़ें ।**

## *INSTRUCTIONS FOR CANDIDATES*

1. The OMR Answer Sheet is inside this Test Booklet. When you are directed to open the Test Booklet, take out the Answer Sheet and fill in the particulars on **Side-1** and **Side-2** carefully with **blue/black** ball point pen only.
2. The test is of **$2\frac{1}{2}$ hours** duration and consists of **150** questions. There is no negative marking.
3. Use **Blue / Black Ball Point Pen only** for writing particulars on this page / marking responses in the Answer Sheet.
4. The CODE for this Booklet is **A**. Make sure that the CODE printed on **Side-2** of the Answer Sheet is the same as that on this booklet. Also ensure that your Test Booklet No. and Answer Sheet No. are the same. In case of discrepancy, the candidate should immediately report the matter to the Invigilator for replacement of both the Test Booklet and the Answer Sheet.
5. This Test Booklet has **five** Parts, I, II, III, IV and V, consisting of **150** Objective Type Questions, each carrying 1 mark :
   - Part-I : Child Development and Pedagogy (Q. 1 to Q. 30)
   - Part-II : Mathematics (Q. 31 to Q. 60)
   - Part-III : Environmental Studies (Q. 61 to Q. 90)
   - Part-IV : Language I - (English/Hindi) (Q. 91 to Q. 120)
   - Part-V : Language II - (English/Hindi) (Q. 121 to Q. 150)
6. Part-IV contains 30 questions for Language-I and Part-V contains 30 questions for Language-II. In this Test Booklet, only questions pertaining to English and Hindi language have been given. **In case the language/s you have opted for as Language-I and/or Language-II is a language other than English or Hindi, please ask for a Test Booklet that contains questions on that language. The languages being answered must tally with the languages opted for in your Application Form.**
7. **Candidates are required to attempt questions in Part -V (Language-II) in a language other than the one chosen as Language-I (in Part-IV) from the list of languages.**
8. Rough work should be done only in the space provided in the Test Booklet for the same.
9. The answers are to be recorded on the OMR Answer Sheet only. Mark your responses carefully. No whitener is allowed for changing answers.

## *परीक्षार्थियों के लिए निर्देश*

1. OMR उत्तर पत्र इस परीक्षा पुस्तिका के अन्दर रखा है । जब आपको परीक्षा पुस्तिका खोलने को कहा जाए, तो उत्तर पत्र निकाल कर **पृष्ठ-1** एवं **पृष्ठ-2** पर ध्यान से केवल **नीले/काले** बॉल पॉइंट पेन से विवरण भरें ।
2. परीक्षा की अवधि **$2\frac{1}{2}$ घंटे** है एवं परीक्षा में **150** प्रश्न **हैं** । कोई ऋणात्मक अंकन नहीं है ।
3. इस पृष्ठ पर विवरण अंकित करने एवं उत्तर पत्र पर निशान लगाने के लिए **केवल नीले/काले बॉल पॉइंट पेन** का प्रयोग करें ।
4. इस पुस्तिका का **संकेत** है **A**. यह सुनिश्चित कर लें कि इस पुस्तिका का संकेत, उत्तर पत्र के **पृष्ठ-2** पर छपे संकेत से मिलता है । यह भी सुनिश्चित कर लें कि परीक्षा पुस्तिका संख्या और उत्तर पत्र संख्या मिलते हैं । अगर यह भिन्न हों तो परीक्षार्थी दूसरी प्रश्न पुस्तिका और उत्तर पत्र लेने के लिए निरीक्षक को तुरन्त अवगत कराएँ ।
5. इस परीक्षा पुस्तिका में **पाँच** भाग I, II, III, IV और V **हैं**, जिनमें **150** वस्तुनिष्ठ प्रश्न हैं, जो प्रत्येक 1 अंक का है :
   - भाग-I : बाल विकास व शिक्षा शास्त्र (प्र. 1 से प्र. 30)
   - भाग-II : गणित (प्र. 31 से प्र. 60)
   - भाग-III : पर्यावरण अध्ययन (प्र. 61 से प्र. 90)
   - भाग-IV : भाषा I - (अंग्रेज़ी / हिन्दी) (प्र. 91 से प्र. 120)
   - भाग-V : भाषा II - (अंग्रेज़ी / हिन्दी) (प्र. 121 से प्र. 150)
6. भाग-IV में भाषा-I के लिए 30 प्रश्न और भाग-V में भाषा-II के लिए 30 प्रश्न दिए गए हैं । इस परीक्षा पुस्तिका में केवल अंग्रेज़ी व हिन्दी भाषा से संबंधित प्रश्न दिए गए हैं । **यदि भाषा-I और/या भाषा-II में आपके द्वारा चुनी गई भाषा(एँ) अंग्रेज़ी या हिन्दी के अलावा है तो कृपया उस भाषा वाली परीक्षा पुस्तिका माँग लीजिए । जिन भाषाओं के प्रश्नों के उत्तर आप दे रहे हैं वह आवेदन पत्र में चुनी गई भाषाओं से अवश्य मेल खानी चाहिए ।**
7. **परीक्षार्थी भाग-V (भाषा-II) के लिए, भाषा सूची से ऐसी भाषा चुनें जो उनके द्वारा भाषा I (भाग-IV) में चुनी गई भाषा से भिन्न हो ।**
8. रफ कार्य परीक्षा पुस्तिका में इस प्रयोजन के लिए दी गई खाली जगह पर करें ।
9. सभी उत्तर केवल OMR उत्तर पत्र पर ही अंकित करें । अपने उत्तर ध्यानपूर्वक अंकित करें । उत्तर बदलने हेतु श्वेत रंजक का प्रयोग निषिद्ध है ।

Name of the Candidate (in Capitals) : ____________
परीक्षार्थी का नाम (बड़े अक्षरों में) :

Roll Number : in figures ____________
अनुक्रमांक : अंकों में
: in words ____________
: शब्दों में

Centre of Examination (in Capitals) : ____________
परीक्षा केन्द्र (बड़े अक्षरों में) :

Candidate's Signature : ____________ Invigilator's Signature : ____________
परीक्षार्थी के हस्ताक्षर : निरीक्षक के हस्ताक्षर :

Fascimile signature stamp of
Centre Superintendent ____________

SEAL

AglaSem Career



# PART – I / भाग – I

## CHILD DEVELOPMENT AND PEDAGOGY / बाल विकास व शिक्षा शास्त्र

***Directions :** Answer the following questions by selecting the **most appropriate** option.*

**1. The following three aspects of intelligence are dealt by Sternberg's triarchic theory except**
(1) componential
(2) social
(3) experiential
(4) contextual

**2. Howard Gardner's theory of multiple intelligences emphasizes**
(1) general intelligence
(2) common abilities required in school
(3) the unique abilities of each individual
(4) conditioning skills in students

**3. The sounds *th*, *ph*, *ch* are**
(1) Morphemes
(2) Graphemes
(3) Lexemes
(4) Phonemes

**4. In order to avoid gender stereotyping in class, a teacher should**
(1) try to put both boys and girls in non-traditional roles.
(2) appreciate students' good work by saying 'good girl' or 'good boy'.
(3) discourage girls from taking part in wrestling.
(4) encourage boys to take risk and be bold.

**5. Schools should cater to Individual differences to**
(1) narrow the gap between individual students.
(2) even out abilities and performance of students.
(3) understand why students are able or unable to learn.
(4) make individual students feel exclusive.

***निर्देश : सबसे उचित** विकल्प चुनकर निम्नलिखित प्रश्नों के उत्तर दीजिए ।*

**1. _______ के अतिरिक्त बुद्धि के निम्नलिखित पक्षों को स्टेनबर्ग के त्रितंत्र सिद्धांत में संबोधित किया गया है ।**
(1) अवयवभूत
(2) सामाजिक
(3) आनुभविक
(4) संदर्भगत

**2. हावर्ड गार्डनर का बुद्धि का सिद्धांत _______ पर बल देता है ।**
(1) सामान्य बुद्धि
(2) विद्यालय में आवश्यक समान योग्यताओं
(3) प्रत्येक व्यक्ति की विलक्षण योग्यताओं
(4) शिक्षार्थियों में अनुबंधित कौशलों

**3. थ, फ, च ध्वनियाँ हैं**
(1) रूपिम
(2) लेखीम
(3) शब्दिम
(4) स्वनिम

**4. कक्षा में जेंडर रूढ़िबद्धता से बचने के लिए एक शिक्षक को**
(1) लड़के-लड़कियों को एक साथ अ-पारंपरिक भूमिकाओं में रखना चाहिए ।
(2) 'अच्छी लड़की', 'अच्छा लड़का' कहकर शिक्षार्थियों के अच्छे कार्य की सराहना करनी चाहिए ।
(3) कुश्ती में भाग लेने के लिए लड़कियों को निरुत्साहित करना ।
(4) लड़कों को जोखिम उठाने और निर्भीक बनने के लिए प्रोत्साहित करना ।

**5. विद्यालयों को किसके लिए वैयक्तिक भिन्नताओं को पूरा करना चाहिए ?**
(1) वैयक्तिक शिक्षार्थियों के मध्य खाई को कम करने के लिए ।
(2) शिक्षार्थियों के निष्पादन और योग्यताओं को समान करने के लिए ।
(3) यह समझने के लिए कि क्यों शिक्षार्थी सीखने के योग्य या अयोग्य हैं ।
(4) वैयक्तिक शिक्षार्थी को विशिष्ट होने की अनुभूति कराने के लिए ।

AglaSem Career



6. **What kind of support can a school provide to address the individual differences in students ?**
   (1) Follow a child-centered curriculum and provide multiple learning opportunities to students
   (2) Apply every possible measure to remove the individual differences in students
   (3) Refer slow learners to special schools
   (4) Follow same level of curriculum for all students

7. **Continuous and Comprehensive Evaluation emphasizes**
   (1) continuous testing on a comprehensive scale to ensure learning.
   (2) how learning can be observed, recorded and improved upon.
   (3) fine-tuning of tests with the teaching.
   (4) redundancy of the Board examination.

8. **School Based Assessment**
   (1) Dilutes the accountability of Boards of Education.
   (2) Hinders achieving Universal National Standards.
   (3) Helps all students learn more through diagnosis.
   (4) Makes students and teachers non-serious and casual.

9. **"Readiness for learning" refers to**
   (1) general ability level of students
   (2) present cognitive level of students in the learning continuum
   (3) satisfying nature of the act of learning
   (4) Thorndike's Law of Readiness

6. **शिक्षार्थियों में वैयक्तिक भिन्नताओं को संबोधित करने के लिए एक विद्यालय किस प्रकार का सहयोग उपलब्ध करवा सकता है ?**
   (1) बाल-केंद्रित पाठ्यचर्या का पालन करना और शिक्षार्थियों को सीखने के अनेक अवसर उपलब्ध कराना ।
   (2) शिक्षार्थियों में वैयक्तिक भिन्नताओं को समाप्त करने के लिए हर संभव उपाय करना ।
   (3) धीमी गति से सीखने वाले शिक्षार्थियों को विशेष विद्यालयों में भेजना ।
   (4) सभी शिक्षार्थियों के लिए समान स्तर की पाठ्यचर्या का अनुगमन करना ।

7. **सतत और व्यापक मूल्यांकन ______ पर बल देता है ।**
   (1) सीखने को सुनिश्चित करने के लिए व्यापक स्केल पर निरंतर परीक्षण
   (2) सीखने को किस प्रकार अवलोकित, रिकार्ड और सुधारा जाए इस पर
   (3) शिक्षण के साथ परीक्षाओं का सामंजस्य
   (4) बोर्ड परीक्षाओं की अनावश्यकता पर

8. **विद्यालय आधारित आकलन**
   (1) शिक्षा-बोर्ड की जवाबदेही कम कर देता है ।
   (2) सार्वभौमिक राष्ट्रीय मानकों की प्राप्ति में बाधा उत्पन्न करता है ।
   (3) परिचित वातावरण में अधिक सीखने में सभी शिक्षार्थियों की मदद करता है ।
   (4) शिक्षार्थियों और शिक्षकों को अगंभीर और लापरवाह बनाता है ।

9. **'सीखने की तत्परता' ______ की ओर संकेत करती है ।**
   (1) शिक्षार्थियों का सामान्य योग्यता स्तर
   (2) सीखने के सातत्यक में शिक्षार्थियों का वर्तमान संज्ञानात्मक स्तर
   (3) सीखने के कार्य की प्रकृति को संतुष्ट करने
   (4) थॉर्नडाइक का तत्परता का नियम

AglaSem Career



**10. A teacher has some physically challenged children in her class. Which of the following would be appropriate for her to say ?**

(1) Wheel-chaired bound children may take help of their peers in going to hall.

(2) Physically inconvenienced children may do an alternative activity in the classroom.

(3) Mohan why don't you use your crutches to go to the playground.

(4) Polio afflicted children will now present a song.

**11. Learning disabilities may occur due to all of the following except**

(1) Cerebral dysfunction

(2) Emotional disturbance

(3) Behavioural disturbance

(4) Cultural factors

**12. An inclusive school**

(1) Is committed to improve the learning outcomes of all students irrespective of their capabilities

(2) Differentiate between students and sets less challenging achievement targets for specially abled children

(3) Committed particularly to improve the learning outcomes of specially abled students

(4) Decides learning needs of students according to their disability

**10. एक शिक्षिका की कक्षा में कुछ शारीरिक विकलांगता वाले बच्चे हैं । निम्नलिखित में से उसके लिए क्या कहना सबसे उचित होगा ?**

(1) पहिया-कुर्सी वाले बच्चे हॉल में जाने के लिए अपने समवयस्क साथी बच्चों से मदद ले सकते हैं ।

(2) शारीरिक रूप से असुविधाग्रस्त बच्चे कक्षा में ही कोई वैकल्पिक गतिविधि कर सकते हैं ।

(3) मोहन खेल के मैदान में जाने के लिए आप अपनी बैसाखियों का प्रयोग क्यों नहीं करते ?

(4) पोलियोग्रस्त बच्चे अब एक गाना प्रस्तुत करेंगे ।

**11. ______ के अतिरिक्त निम्नलिखित सभी के कारण अधिगम अक्षमता उत्पन्न हो सकती है ।**

(1) सेरेब्रल डिस्फंक्शन

(2) संवेगात्मक विघ्न

(3) व्यवहारगत विघ्न

(4) सांस्कृतिक कारक

**12. एक समावेशी विद्यालय**

(1) शिक्षार्थियों की क्षमताओं की परवाह किए बिना सभी के अधिगम-परिणामों को सुधारने के लिए प्रतिबद्ध होता है ।

(2) शिक्षार्थियों के मध्य अंतर करता है और विशेष रूप से सक्षम बच्चों के लिए कम चुनौतीपूर्ण उपलब्धि लक्ष्य निर्धारित करता है ।

(3) विशेष रूप से योग्य शिक्षार्थियों के अधिगम-परिणामों को सुधारने के लिए विशिष्ट रूप से प्रतिबद्ध होता है ।

(4) शिक्षार्थियों की निर्योग्यता के अनुसार उनकी सीखने की आवश्यकताओं को निर्धारित करता है ।

aglasem.com

AglaSem Career



13. **Gifted students**
   (1) Need support not ordinarily provided by the school
   (2) Can manage their studies without a teacher
   (3) Can be good models for other students
   (4) Cannot be learning disabled

14. **Giftedness is due to**
   (1) Genetic makeup
   (2) Environmental motivation
   (3) Combination of (1) and (2)
   (4) Psychosocial factors

15. **Which of the following is appropriate for environment conducive to thinking and learning in children ?**
   (1) Passive listening for long periods of time
   (2) Home assignments given frequently
   (3) Individual tasks done by the learners
   (4) allowing students to take some decisions about what to learn and how to learn

16. **Learning Disability in motor skills is called**
   (1) Dyspraxia
   (2) Dyscalculia
   (3) Dyslexia
   (4) Dysphasia

17. **Learning Disability**
   (1) is a stable state
   (2) is a variable state
   (3) need not impair functioning
   (4) does not improve with appropriate input

13. **प्रतिभाशाली शिक्षार्थी (को)**
   (1) ऐसे सहयोग की आवश्यकता होती है जो सामान्यत: विद्यालयों द्वारा उपलब्ध नहीं कराए जाते ।
   (2) शिक्षक के बिना अपने अध्ययन को व्यवस्थित कर लेते हैं ।
   (3) अन्य शिक्षार्थियों के लिए अच्छे मॉडल बन सकते हैं ।
   (4) अधिगम-निर्योग्य नहीं हो सकते ।

14. **_______ के कारण प्रतिभाशालिता होती है ।**
   (1) आनुवंशिक रचना
   (2) वातावरणीय अभिप्रेरणा
   (3) (1) और (2) का संयोजन
   (4) मनो-सामाजिक कारकों

15. **बच्चों में सीखने और सुनने के लिए अधिगम-योग्य वातावरण के लिए निम्नलिखित में से कौन उपयुक्त है ?**
   (1) एक लंबे समय के लिए निष्क्रिय रूप से सुनना
   (2) निरंतर गृहकार्य देते रहना
   (3) सीखने वाले द्वारा व्यक्तिगत कार्य करना
   (4) शिक्षार्थियों को कुछ यह छूट देना कि क्या सीखना है और कैसे सीखना है ।

16. **गतिक कौशलों में अधिगम निर्योग्यता _______ कहलाती है ।**
   (1) डिस्प्रेक्सिया
   (2) डिस्केलकुलिया
   (3) डिस्लेक्सिया
   (4) डिस्फ़ेज़िया

17. **अधिगम निर्योग्यता _______**
   (1) एक स्थिर अवस्था है ।
   (2) एक चर अवस्था है ।
   (3) ज़रूरी नहीं कि कार्य-पद्धति की हानि करे ।
   (4) समुचित निवेश के साथ सुधार योग्य नहीं होती ।

AglaSem Career



18. **The following are the steps in the process of problem solving except**

(1) Identification of a problem

(2) Breaking down the problem into smaller parts

(3) Explore possible strategies

(4) Anticipate outcomes

19. **A teacher should**

(1) treat errors committed by students as blunders and take serious note of each error

(2) measure success as the number of times students avoid making mistakes

(3) not correct students while they're trying to communicate ideas

(4) focus more on lecturing and provide a foundation for knowledge

20. **Seema is desperate to score A+ grade in an examination. As she enters the examination hall and the examination begins, she becomes extremely nervous. Her feet go cold, her heart starts pounding and she is unable to answer properly. The primary reason for this is that**

(1) she may not be very confident about her preparation

(2) she may be thinking excessively about the result of this examination

(3) invigilator teacher on duty may be her class teacher and she is of very strict nature

(4) she may not be able to deal with sudden emotional outburst

18. **_____ के अतिरिक्त निम्नलिखित समस्या-समाधान की प्रक्रिया के चरण हैं –**

(1) समस्या की पहचान

(2) समस्या का छोटे हिस्सों में बाँटना

(3) संभावित युक्तियों को खोजना

(4) परिणामों की आशा करना

19. **एक शिक्षक (को)**

(1) शिक्षार्थियों द्वारा की गई त्रुटियों को एक भयंकर भूल के रूप में लेना चाहिए और प्रत्येक त्रुटि के लिए गंभीर टिप्पणी देनी चाहिए ।

(2) शिक्षार्थी कितनी बार गलती करने से बचता है – इसे सफलता के माप के रूप में लेना चाहिए ।

(3) जब शिक्षार्थी विचारों को संप्रेषित करने की कोशिश कर रहे हों तो उन्हें ठीक नहीं करना चाहिए ।

(4) व्याख्यान पर अधिक ध्यान देना चाहिए और ज्ञान के लिए आधार उपलब्ध कराना चाहिए ।

20. **सीमा परीक्षा में A+ ग्रेड प्राप्त करने के लिए अति इच्छुक है । जब वह परीक्षा भवन में दाखिल होती है तथा परीक्षा प्रारंभ होती है, वह अत्यधिक नर्वस हो जाती है । उसके पाँव ठंडे पड़ जाते हैं, उसके हृदय की धड़कन बहुत तेज़ हो जाती है और वह उचित तरीके से उत्तर नहीं दे पाती । इसका मुख्य कारण हो सकता है**

(1) शायद वह अपनी तैयारी के बारे में बहुत आत्मविश्वासी नहीं है ।

(2) शायद वह इस परीक्षा के परिणाम के बारे में बहुत अधिक सोचती है ।

(3) निरीक्षक शिक्षिका जो ड्यूटी पर है, वह उसकी कक्षा अध्यापिका हो सकती है और वह स्वभाव में बहुत कठोर है ।

(4) शायद वह अकस्मात् संवेगात्मक आवेग का सामना नहीं कर सकती ।

AglaSem Career



21. Which of the following cognitive verbs are used to analyse the information given ?

(1) Identify

(2) Differentiate

(3) Classify

(4) Describe

22. Rajesh is a voracious reader. Apart from studying his course books, he often goes to library and reads books on diverse topics. Rajesh does his project even in the lunch break. He does not need prompting by his teachers or parents to study for tests and seems to truly enjoy learning. He can be best described as a(n) ______

(1) fact-centred learner

(2) teacher motivated learner

(3) assessment-centered learner

(4) intrinsically motivated learner

23. Children in pre-primary get satisfaction from being allowed to discover. They become distressed, when they are discouraged. They do so due to their motivation to

(1) reduce their ignorance

(2) affiliate with the class

(3) create disorder in the class

(4) exercise their power

21. निम्नलिखित में कौन-सी संज्ञानात्मक क्रिया दी गई सूचना के विश्लेषण के लिए प्रयोग में लाई जाती है ?

(1) पहचान करना

(2) अंतर करना

(3) वर्गीकृत करना

(4) वर्णन करना

22. राजेश अति लोलुप पाठक है । वह अपने कोर्स की पुस्तकें पढ़ने के अतिरिक्त प्रायः पुस्तकालय जाता है और भिन्न प्रकरणों पर पुस्तकें पढ़ता है । इतना ही नहीं, राजेश भोजन-अवकाश में अपने परियोजना कार्य करता है । उसे परीक्षाओं के लिए पढ़ने के लिए अपने शिक्षकों अथवा अभिभावकों द्वारा कभी भी कहने की ज़रूरत नहीं है और वह वास्तव में सीखने का आनंद लेता नज़र आता है । उसे ______ के रूप में सर्वाधिक बेहतर रूप से वर्णित किया जा सकता है ।

(1) तथ्य-आधारित शिक्षार्थी

(2) शिक्षक-अभिप्रेरित शिक्षार्थी

(3) आकलन-आधारित शिक्षार्थी

(4) आंतरिक रूप से अभिप्रेरित शिक्षार्थी

23. यदि पूर्व प्राथमिक स्तर पर बच्चों पर खोज करने की अनुमति दे दी जाए तो वे संतुष्ट हो जाते हैं । जब उन्हें हतोत्साहित किया जाता है तो वे व्यथित हो जाते हैं । वे ऐसा ______ की उनकी अभिप्रेरणा के कारण करते हैं ।

(1) अपनी उपेक्षा को कम करने

(2) कक्षा के साथ संबद्ध होने

(3) कक्षा में अव्यवस्था फैलाने में

(4) अपनी शक्तियों का उपयोग करने

AglaSem Career



**24. Understanding Human Growth and Development enables a teacher to**

(1) gain control of learners' emotions while teaching.

(2) be clear about teaching diverse learners.

(3) tell students how they can improve their lives.

(4) practice her teaching in an unbiased way.

**25. Which one of the following is true ?**

(1) Development and learning are unaffected by socio-cultural contexts.

(2) Students learn only in a certain way.

(3) Play is significant for cognition and social competence.

(4) Questioning by teacher constrains cognitive development.

**26. Which one of the following is true about the role of heredity and environment in the development of a child ?**

(1) The relative contributions of peers and genes are not additive.

(2) Heredity and environment do not operate together.

(3) Propensity is related to environment while actual development requires heredity.

(4) Both heredity and environment contribute 50% each in the development of a child.

**24. मानव बुद्धि एवं विकास की समझ शिक्षक को _______ के योग्य बनाती है ।**

(1) शिक्षण के समय शिक्षार्थियों के संवेगों पर नियंत्रण बनाए रखने

(2) विविध शिक्षार्थियों के शिक्षण के बारे में स्पष्टता

(3) शिक्षार्थियों को यह बताने कि वे अपने जीवन में कैसे सुधार कर सकते हैं

(4) निष्पक्ष रूप से अपने शिक्षण-अभ्यास

**25. निम्नलिखित में से कौन-सा सत्य है ?**

(1) विकास और सीखना समाज-सांस्कृतिक संदर्भों से अप्रभावित रहते हैं ।

(2) शिक्षार्थी एक निश्चित तरीके से सीखते हैं ।

(3) खेलना संज्ञान और सामाजिक दक्षता के लिए सार्थक है ।

(4) शिक्षक द्वारा प्रश्न पूछना संज्ञानात्मक विकास में बाधक है ।

**26. बच्चे के विकास में आनुवंशिकता और वातावरण की भूमिका के बारे में निम्नलिखित में से कौन-सा सत्य है ?**

(1) समवयस्कों और पित्रैक (genes) का सापेक्ष योगदान योगात्मक नहीं होता ।

(2) आनुवंशिकता और वातावरण एक साथ परिचालित नहीं होते ।

(3) सहज रुझान वातावरण से संबंधित है जबकि वास्तविक विकास के लिए आनुवंशिकता ज़रूरी है ।

(4) आनुवंशिकता और वातावरण दोनों एक बच्चे के विकास में 50%-50% योगदान देते हैं ।

AglaSem Career



27. **Socialization is**
   (1) Rapport between teacher and taught
   (2) Process of modernization of society
   (3) Adaptation of social norms
   (4) Change in social norms

28. **A PT teacher wants her students to improve fielding in the game of cricket. Which one of the following strategies will best help his students achieve that goal ?**
   (1) Tell students how important it is for them to learn to field.
   (2) Explain the logic behind good fielding and rate of success.
   (3) Demonstrate fielding while students observe.
   (4) Give students a lot of practice in fielding.

29. **A teacher wishes to help her students to appreciate multiple views of a situation. She provides her students multiple opportunities to debate on this situation in different groups. According to Vygotsky's perspective, her students will ________ various views and develop multiple perspectives of the situation on their own.**
   (1) internalize
   (2) construct
   (3) operationalize
   (4) rationalize

30. **Sita has learned to eat rice and dal with her hand. When she is given dal and rice, she mixes rice and dal and starts eating. She has _______ eating rice and dal into her schema for doing things.**
   (1) Accommodated
   (2) Assimilated
   (3) Appropriated
   (4) Initiated

27. **समाजीकरण है**
   (1) शिक्षक एवं पढ़ाए गए के बीच संबंध
   (2) समाज के आधुनिकीकरण की प्रक्रिया
   (3) समाज के मानदंडों के साथ अनुकूलन
   (4) सामाजिक मानदंडों में परिवर्तन

28. **एक पी.टी. (खेल) शिक्षक क्रिकेट के खेल में अपने शिक्षार्थियों के क्षेत्र-रक्षण को सुधारना चाहता है । निम्न में से कौन-सी युक्ति शिक्षार्थियों को अपना लक्ष्य प्राप्त करने में सर्वाधिक सहायक है ?**
   (1) शिक्षार्थियों को यह बताना कि क्षेत्र-रक्षण सीखना उनके लिए किस प्रकार महत्त्वपूर्ण है ।
   (2) बेहतर क्षेत्र-रक्षण और सफलता की दर के पीछे के तर्क को स्पष्ट करना ।
   (3) क्षेत्र-रक्षण को प्रदर्शित करना और शिक्षार्थी अवलोकन करेंगे ।
   (4) शिक्षार्थियों को क्षेत्र-रक्षण का अधिक अभ्यास करवाना ।

29. **एक शिक्षिका अपने शिक्षार्थियों की इस रूप में मदद करना चाहती है कि वे एक स्थिति की अनेक दृष्टिकोणों की सराहना कर सकें । वह विभिन्न समूहों में एक स्थिति पर वाद-विवाद करने के अनेक अवसर उपलब्ध कराती है । वाइगोत्स्की के परिप्रेक्ष्य के अनुसार उसके शिक्षार्थी विभिन्न दृष्टिकोणों को ________ करेंगे और अपने तरीके से उस स्थिति के अनेक परिप्रेक्ष्य विकसित करेंगे ।**
   (1) आत्मसात
   (2) निर्माण
   (3) संक्रियाकरण
   (4) तर्क संगत

30. **सीता ने हाथ से दाल और चावल खाना सीख लिया है । जब उसे दाल और चावल दिए जाते हैं तो वह दाल-चावल मिलाकर खाने लगती है । उसने चीज़ों को करने के लिए अपने स्कीमा में दाल और चावल खाने को ________ कर लिया है ।**
   (1) समायोजित
   (2) अनुकूलित
   (3) समुचितता
   (4) अंगीकार

AglaSem Career



## PART – II / भाग – II
## MATHEMATICS / गणित

31. Perimeter of a square is 24 cm and length of a rectangle is 8 cm. If the perimeters of the square and the rectangle are equal, then the area (in square cm) of the rectangle is

(1) 16
(2) 24
(3) 32
(4) 64

32. The difference of the place value and the face value of the number 3 in 12345 is

(1) 0
(2) 295
(3) 297
(4) 305

33. Which one of the following is <u>not</u> correct ?

(1) 56.7 kilogram = 5670 grams
(2) A cube has six faces.
(3) One millimetre = 0.1 cm
(4) 0.10 is same as 0.1

31. किसी वर्ग का परिमाप 24 सेमी. और किसी आयत की लंबाई 8 सेमी. है । यदि वर्ग और आयत के परिमाप बराबर हो, तो आयत का क्षेत्रफल (वर्ग सेमी. में) है

(1) 16
(2) 24
(3) 32
(4) 64

32. संख्या 12345 में 3 के स्थानीय मान तथा अंकित मान में अंतर है

(1) 0
(2) 295
(3) 297
(4) 305

33. निम्न में से कौन सा सही <u>नहीं</u> है ?

(1) 56.7 किलोग्राम = 5670 ग्राम
(2) एक घन के 6 फलक होते हैं
(3) एक मिलिमीटर = 0.1 सेमी.
(4) 0.10 और 0.1 समान है

SPACE FOR ROUGH WORK / रफ कार्य के लिए जगह

AglaSem Career



34. The speed of a boat in a river is 20 km per hour and the speed of another boat is 23 km per hour. They travel in the same direction from the same place at the same time. The distance between the boats after three and half hours is

(1) 10 km

(2) 10.5 km

(3) 11 km

(4) 11.5 km

35. When 90707 is divided by 9, the remainder is

(1) 3

(2) 5

(3) 6

(4) 7

34. नदी में एक नाव की चाल 20 किमी प्रति घंटा है और एक दूसरी नाव की चाल 23 किमी प्रति घंटा है । ये दोनों नाव एक ही दिशा में एक स्थान से एक समय पर चलती हैं । साढ़े तीन घंटे पश्चात उनके बीच की दूरी है

(1) 10 किमी.

(2) 10.5 किमी.

(3) 11 किमी.

(4) 11.5 किमी.

35. संख्या 90707 को 9 से भाग देने पर शेषफल है

(1) 3

(2) 5

(3) 6

(4) 7

SPACE FOR ROUGH WORK / रफ कार्य के लिए जगह

aglasem.com

AglaSem Career



36. When a fresh fish is dried it becomes 1/3 of its weight. Sunita buys 1500 kg fresh fish for ₹ 25 per kg and sell them, when dried, for ₹ 80 per kg. How much does she earn ?

(1) ₹ 2,500

(2) ₹ 2,700

(3) ₹ 3,000

(4) ₹ 3,500

37. Look at the following pattern :

(9 – 1) ÷ 8 = 1

(98 – 2) ÷ 8 = 12

(987 – 3) ÷ 8 = 123

(9876 – 4) ÷ 8 = 1234

According to this pattern

(987654 – 6) ÷ 8 =

(1) 12345

(2) 123456

(3) 123465

(4) 123467

36. एक ताजा मछली को सुखाने पर उसका भार 1/3 रह जाता है । सुनीता 1500 किलो ताजा मछली ₹ 25 प्रति किलो के भाव से खरीद कर, उनको सुखा कर, ₹ 80 प्रति किलो के भाव पर बेच देती है । इस प्रकार वह कमाती है

(1) ₹ 2,500

(2) ₹ 2,700

(3) ₹ 3,000

(4) ₹ 3,500

37. निम्न प्रतिरूप को देखिए :

(9 – 1) ÷ 8 = 1

(98 – 2) ÷ 8 = 12

(987 – 3) ÷ 8 = 123

(9876 – 4) ÷ 8 = 1234

इस प्रतिरूप के अनुसार

(987654 – 6) ÷ 8 =

(1) 12345

(2) 123456

(3) 123465

(4) 123467

SPACE FOR ROUGH WORK / रफ कार्य के लिए जगह

AglaSem Career





38. 750 ml juice is filled in one bottle and six such bottles are packed in one carton. The number of cartons needed for 450 litres of juice is

(1) 75

(2) 80

(3) 90

(4) 100

39. Internal length, breadth and depth of a (rectangular) box are 4 cm, 3 cm and 2 cm respectively. How many such boxes are needed to pack 8664 centimetre cubes ?

(1) 351

(2) 361

(3) 391

(4) 722

38. एक बोतल में 750 मिली जूस भरा जाता है और ऐसी 6 बोतलों को एक कार्टन में पैक किया जाता है । 450 लीटर जूस के लिए आवश्यक कार्टनों की संख्या है

(1) 75

(2) 80

(3) 90

(4) 100

39. किसी (आयताकार) बक्से की आंतरिक लंबाई, चौड़ाई और ऊँचाई क्रमशः 4 सेमी., 3 सेमी. तथा 2 सेमी. हैं । 8664 सेंटीमीटर घनों को पैक करने के लिए ऐसे कितने बक्सों की आवश्यकता है ?

(1) 351

(2) 361

(3) 391

(4) 722

SPACE FOR ROUGH WORK / रफ कार्य के लिए जगह

aglasem.com

AglaSem Career



40. "Write the equivalent fraction of $\frac{1}{3}$."

The above question asked to students of Class IV refers to

(1) lower-level demand task as it requires procedural skills only.

(2) lower-level demand task as it is based on memorization only.

(3) higher-level demand task as it is based on procedure with connection.

(4) higher-level demand task as it is based on procedure without connection.

41. Students often make a mistake in comparing the decimal numbers. For example 0.50 is larger than 0.5. The most probable reason for this error is

(1) lack of practice of these types of questions in the class.

(2) lack of concrete experience of representation of decimal number on number line.

(3) careless attempt by the students.

(4) misconception regarding the significance of zero in ordering decimal.

40. "$\frac{1}{3}$ के समतुल्य भिन्न लिखिए ।" कक्षा IV के शिक्षार्थियों से पूछा गया यह सवाल _______ की ओर संकेत करता है ।

(1) निम्न स्तरीय माँग-कार्य, क्योंकि इसमें केवल प्रक्रमणकारी कौशलों की आवश्यकता होती है

(2) निम्न स्तरीय माँग-कार्य, क्योंकि यह केवल रटने पर आधारित है

(3) उच्च स्तरीय माँग-कार्य, क्योंकि यह संयोजन के साथ प्रक्रिया पर आधारित है

(4) उच्च स्तरीय माँग-कार्य, क्योंकि संयोजन के बिना प्रक्रिया पर आधारित है

41. प्राय: शिक्षार्थी दशमलव संख्याओं की तुलना में त्रुटि करते हैं । उदाहरण के लिए 0.50, 0.5 से बड़ा है । इस त्रुटि का सर्वाधिक संभावित कारण हो सकता है

(1) कक्षा में इस प्रकार के सवालों के अभ्यास का अभाव ।

(2) संख्या रेखा पर दशमलव संख्या के निरूपण के मूर्त अनुभवों का अभाव ।

(3) शिक्षार्थियों द्वारा लापरवाही बरतना ।

(4) क्रमिक दशमलव में शून्य की सार्थकता से संबंधित भ्रांतिपूर्ण संकल्पना ।

SPACE FOR ROUGH WORK / रफ कार्य के लिए जगह

AglaSem Career



42. **A teacher prompts the students to prepare Mathematical journal with the theme "Application of Mathematics in Daily life". This activity is**

(1) to test the students understanding of Mathematical concepts.

(2) to provide opportunity to students share their ideas and knowledge.

(3) to help students to sense of Mathematics.

(4) to help students to connect Mathematical concepts and its applications and to share their knowledge and ideas.

43. **According to Van Hiele level of geometric thought, the five levels are – visualization, analysis, informal deduction, formal deduction and rigour. Some polygons are given to a child of Class III for sorting.**



**He classified the polygons on the basis of the number of sides. This child is at ______ level of Van-Hiele Geometrical thought**

(1) Visualization

(2) Analysis

(3) Informal deduction

(4) Formal deduction

42. **एक शिक्षक शिक्षार्थियों को 'दैनिक जीवन में गणित का अनुप्रयोग' विषय के साथ गणितीय जरनल (पत्रिका) तैयार करने के लिए बढ़ावा देता है। यह गतिविधि है**

(1) शिक्षार्थियों की गणितीय संकल्पनाओं की परीक्षा करना।

(2) अपने ज्ञान और समझ को साझा करने के लिए शिक्षार्थियों को अवसर उपलब्ध कराना।

(3) गणित की समझ में शिक्षार्थियों की सहायता करना।

(4) गणितीय संकल्पनाओं और उनके अनुप्रयोगों में संबंध बैठाने और अपने ज्ञान तथा विचारों को साझा करने में शिक्षार्थियों की सहायता करना।

43. **वेन हीले के ज्यामितीय विचार के स्तर के अनुसार पाँच स्तर हैं – चाक्षुषीकरण, विश्लेषण, अनौपचारिक निगमन, औपचारिक निगमन और दृढ़ता (rigour)। कक्षा III के एक बच्चे को छाँटने के लिए कुछ बहुभुज दिए गए।**



**वह भुजाओं की संख्याओं के आधार पर बहुभुजों को वर्गीकृत करता है। यह बच्चा वेन हीले के ज्यामितीय विचार के ______ स्तर पर है।**

(1) चाक्षुषीकरण

(2) विश्लेषण

(3) अनौपचारिक निगमन

(4) औपचारिक निगमन

SPACE FOR ROUGH WORK / रफ कार्य के लिए जगह

AglaSem Career



**44. A child displays difficulty in differentiating between numbers, operations and symbols, two clock hands, different coins etc. This implies that the specific barrier affecting his learning is**

(1) poor verbal, visual, auditory and working memory.

(2) poor visual processing ability i.e. visual discrimination, spatial organization and visual coordination.

(3) poor language processing ability i.e. expression, vocabulary and auditory processing.

(4) poor motor skills, reading and writing skills.

**44. एक बच्चा संख्याओं, संक्रियाओं और संकेतों घड़ी के दो काँटों, विभिन्न सिक्कों आदि में अंतर करने में कठिनाई प्रदर्शित करता है । इसका निहितार्थ है कि जो विशिष्ट बाधाएँ उसके सीखने को प्रभावित कर रही हैं, वे हैं**

(1) कमज़ोर शाब्दिक, चाक्षुष, श्रव्य और कार्यकारी स्मृति

(2) कमज़ोर चाक्षुष-प्रक्रमण योग्यता, जैसे – चाक्षुष विभेदीकरण, स्थानिक संगठन और चाक्षुष समन्वयन

(3) कमज़ोर भाषा प्रक्रमण योग्यता, जैसे - अभिव्यक्ति, शब्द-भंडार और श्रव्य प्रक्रमण

(4) कमज़ोर गतिक कौशल, पढ़ना और लिखना कौशल

**45. NCF 2005 emphasises on Constructivist Approach of learning as it focuses on**

(1) memorization of definitions and formulae.

(2) submission of regular homework.

(3) active participation of learner through engaging activities.

(4) effective lecture and instructions by teacher.

**45. राष्ट्रीय पाठ्यचर्या की रूपरेखा 2005 अधिगम के रचनावादी उपागम पर बल देती है, क्योंकि वह ______ पर केंद्रित है ।**

(1) परिभाषाओं और सूत्रों को याद करने

(2) नियमित गृह-कार्य जमा कराने

(3) गतिविधियों में शामिल करते हुए शिक्षार्थियों की सक्रिय भागीदारिता

(4) शिक्षक द्वारा प्रभावी व्याख्यान और अनुदेशन

SPACE FOR ROUGH WORK / रफ कार्य के लिए जगह

AglaSem Career





46. **Following are array diagram using bindis to represent 15.**



**The way of representing 15 or any other number in the above manner can be used to teach concept of**

(1) area and commutative property

(2) commutative property of multiplication, identification of prime and composite numbers, area of rectangle

(3) representation of a number as product of two numbers, commutative property of multiplication, multiplicative identity, identification of prime and composite numbers, area of rectangle using units quantity

(4) representation of a number as product of two numbers, commutative property of multiplication, multiplication identity, identification of prime and composite numbers.

46. **निम्नलिखित बिंदियों का प्रयोग करते हुए 15 को प्रदर्शित करने वाले संयोजित (array) आरेख हैं**



**15 अथवा अन्य किसी संख्या को प्रदर्शित करने के उपर्युक्त तरीके को ______ की संकल्पना पढ़ाने के लिए इस्तेमाल किया जा सकता है ।**

(1) क्षेत्रफल और संचयी प्रकृति

(2) गुणन की संचयी प्रकृति, अभाज्य और संयुक्त संख्या की पहचान, आयत का क्षेत्रफल

(3) दो संख्याओं के उत्पाद के रूप में एक संख्या को प्रदर्शित करने, गुणन की संचयी प्रकृति, गुणक अस्मिता, अभाज्य और संयुक्त संख्या की पहचान, मात्रात्मक इकाई का प्रयोग करते हुए आयत का क्षेत्रफल

(4) दो संख्याओं के उत्पाद के रूप में एक संख्या का प्रदर्शन, गुणन की संचयी प्रकृति, गुणन अस्मिता, अभाज्य और संयुक्त संख्याओं की पहचान

SPACE FOR ROUGH WORK / रफ कार्य के लिए जगह

AglaSem Career



47. **Which of the following questions is open-ended ?**

(1) Write the numbers 25, 71, 19, 9, 8, 17, 85 in ascending order.

(2) Which is more ?

$\frac{1}{3}$ or $\frac{7}{5}$

(3) Write any four number greater than 2.7.

(4) What is 7 more than $\frac{2}{7}$ ?

48. **The most appropriate tool to expose the students of class II to plane figures, its vertices and edges is**

(1) Geo-Board

(2) Nets of 3D solids

(3) Cubes

(4) Black-board surface

47. **निम्नलिखित में से कौन-सा मुक्त अंत वाला प्रश्न है ?**

(1) 25, 71, 19, 9, 8, 17, 85 संख्याएँ आरोही क्रम में लिखिए ।

(2) कौन सा बड़ा है ?

$\frac{1}{3}$ या $\frac{7}{5}$

(3) 2.7 से बड़ी कोई चार संख्याएँ लिखो ।

(4) $\frac{2}{7}$ से 7 ज़्यादा क्या है ?

48. **कक्षा II के शिक्षार्थियों का सरल आकृतियों, उसके लंबों और किनारों से परिचय कराने का सबसे उत्तम उपकरण है**

(1) जियो-बोर्ड

(2) 3D सोलिड्स के नेट्स

(3) क्यूब्स

(4) श्याम-पट्ट का तल

SPACE FOR ROUGH WORK / रफ कार्य के लिए जगह

aglasem.com

AglaSem Career



49. **Following is a problem from text book of class V :**

*"There are 4 poles of measure 105 cm, 215 cm, 150 cm and 235 cm respectively. If they have to be cut into pieces of equal length, what is the maximum length of each piece ?"*

**This question is asked to**

(1) test knowledge of factors and multiples

(2) check the skill of finding HCF

(3) enhance problem solving skills using learnt concepts

(4) give practice of word problems based on HCF and LCM

50. **Following is a problem from text book of class III :**

*"Which mathematical operation will be used to solve the following problem ?*

*A milkman sold 1410 litres of milk in 10 days. How many litres of milk did he sell in a day ?"*

**Which competence of Bloom's cognitive domain is referred in the above question ?**

(1) Knowledge

(2) Comprehension

(3) Analysis

(4) Synthesis

49. **निम्नलिखित कक्षा V की पाठ्य-पुस्तक में से एक सवाल है :**

*"यहाँ 4 खंभे हैं जिनका माप क्रमश: 105 सेमी., 215 सेमी., 150 सेमी. तथा 235 सेमी. है । यदि उन्हें समान लंबाई के टुकड़ों में काटना है तो प्रत्येक टुकड़े की अधिकतम लंबाई क्या होगी ?"*

**यह सवाल _____ के लिए पूछा गया है ।**

(1) गुणक और गुणज के ज्ञान की परीक्षा

(4) acquire some language structures earlier than others.

AglaSem Career



Candidates should answer questions from the following Part only if they have opted for **HINDI** as **LANGUAGE – I.**

परीक्षार्थी निम्नलिखित भाग के प्रश्नों के उत्तर केवल तभी दें यदि उन्होंने **भाषा** – I का विकल्प **हिन्दी** चुना हो ।

AglaSem Career



## भाग – IV
## भाषा – I
## हिन्दी

**निर्देश :** नीचे दिए गए गद्यांश को पढ़कर सबसे उचित विकल्प का चयन कीजिए :

समाज में पाठशालाओं, स्कूलों अथवा शिक्षा की दूसरी दुकानों की कोई कमी नहीं है । छोटे से छोटे बच्चे को माँ-बाप स्कूल भेजने की जल्दी करते हैं । दो-ढाई साल के बच्चे को भी स्कूल में बिठाकर आ जाने का आग्रह भी हर घर में बना हुआ है ।

इसके विपरीत हर घर की दूसरी सच्चाई यह भी है कि कोई भी माँ-बाप बालकों के बारे में, बालकों की सही शिक्षा के बारे में और साथ ही सच्चा एवं अच्छा माता-पिता अथवा अभिभावक होने का शिक्षण कहीं से भी प्राप्त नहीं करता । माता-पिता बनने से पहले किसी भी नौजवान जोड़े को यह नहीं सिखाया जाता है कि माँ-बाप बनने का अर्थ क्या है ? इससे पहले किसी भी जोड़े को यह भी नहीं सिखाया जाता कि अच्छे और सच्चे दाम्पत्य की शुरुआत कैसे की जानी चाहिये ? पति-पत्नी होने का अर्थ क्या है ? यह भी कोई नहीं बताता । परिणाम साफ है कि जीवन शुरू होने से पहले ही घर टूटने-बिखरने लगते हैं । घर बसाने की शाला न आज तक कहीं खुली है और न खुलती दिखती है । समाज और सत्ता दोनों या तो इस संकट के प्रति सजग नहीं है या फिर इसे अनदेखा कर रहे हैं ।

**91. लेखक के लिए किसका शिक्षण प्राप्त करना ज़रूरी है ?**

(1) बच्चों को किसी भी प्रकार की शिक्षा देने का
(2) अच्छे माता-पिता बनने का
(3) छोटे-छोटे बच्चों को उच्च विद्यालयों में प्रवेश दिलाने का
(4) पति-पत्नी बनने का

**92. माता-पिता को बच्चों की सही शिक्षा के बारे में जानना क्यों ज़रूरी है ?**

(1) ताकि बच्चों को उच्च डिग्रियाँ प्राप्त करवाई जा सकें ।
(2) ताकि बच्चे स्वयं प्रवेश लेने योग्य बन सकें ।
(3) जिससे बेहतर समाज का निर्माण किया जा सके ।
(4) बच्चों को ज्ञानवान् बनाया जा सके ।

**93. समाज और सत्ता किसके प्रति सजग नहीं है ?**

(1) ज्ञानवान् समाज न बन पाने के घोर संकट के प्रति
(2) घर बसाने की शिक्षा देने वाली शाला खोलने के प्रति
(3) माता-पिता द्वारा बच्चों का पालन-पोषण न करने के प्रति
(4) अभिभावकों के द्वारा शिक्षा प्राप्त न करने के प्रति

**94. लेखक के अनुसार सबसे पहले क्या जानना ज़रूरी है ?**

(1) बच्चों के बारे में
(2) बच्चों की शिक्षा के बारे में
(3) माता-पिता के शिक्षा-स्तर को
(4) दाम्पत्य की शुरुआत कैसे की जानी चाहिए

**95. 'माता-पिता' शब्द-युग्म है**

(1) सार्थक शब्द-युग्म
(2) निरर्थक शब्द-युग्म
(3) पुनरुक्त शब्द-युग्म
(4) सार्थक-निरर्थक शब्द-युग्म

AglaSem Career



96. 'भी' शब्द है

(1) क्रियाविशेषण

(2) संबंधवाचक

(3) निपात

(4) क्रिया

97. 'इसके विपरीत हर घर की दूसरी सच्चाई यह भी है कि ...' वाक्य के रेखांकित अंश का समानार्थी शब्द है

(1) वास्तविक

(2) वास्तविकता

(3) सद्वचन

(4) सूक्ति

98. घर के टूटने-बिखरने का मुख्य कारण क्या है ?

(1) माता-पिता बनने का अर्थ न जानना

(2) दाम्पत्य का अर्थ न जानना

(3) घर बसाने की जल्दी करना

(4) बच्चों के बारे में न जानना

99. हर घर में किस चीज़ का आग्रह बना हुआ है ?

(1) बहुत छोटे बच्चे को स्कूल में पढ़ाने का

(2) बहुत छोटे बच्चे को दुकान भेजने का

(3) बहुत छोटे बच्चे को स्कूल में बिठाकर आने का

(4) बच्चों को स्कूल न भेजने का

**निर्देश :** नीचे दी गई पंक्तियों को पढ़कर सबसे उचित विकल्प का चयन कीजिए :

पूछो किसी भाग्यवादी से,
यदि विधि-अंक प्रबल है ।
पद पर क्यों देती न स्वयं
वसुधा निज रतन उगल है ?

100. कवि के अनुसार यदि भाग्य ही सब कुछ होता तो क्या होता ?

(1) रत्न मिल जाते ।

(2) पैरों के नीचे वसुधा होती ।

(3) धरती स्वयं ही रत्न रूपी संपत्ति उगल देती ।

(4) रत्न स्वयं प्रकाश युक्त हो उठते ।

101. तुकबंदी के कारण कौन-सा शब्द बदले हुए रूप में प्रयुक्त हुआ है ?

(1) रतन

(2) प्रबल

(3) स्वयं

(4) उगल

102. इनमें से कौन-सा 'वसुधा' का समानार्थी है ?

(1) वसुंधरा

(2) महीप

(3) वारिधि

(4) जलधि

103. 'प्र' उपसर्ग से बनने वाला शब्द-समूह है

(1) प्रत्येक, प्रभाव, प्रदेश

(2) प्रसाद, प्रत्येक, प्रपत्र

(3) प्रभाव, प्रदेश, प्रपत्र

(4) प्रत्युत्तर, प्रदेश, प्रपत्र

104. कवि ने किसकी महिमा का खंडन किया है ?

(1) विधि के विधान का

(2) भाग्यवाद का

(3) वसुधा का

(4) रतनों का

AglaSem Career



**105. विधि-अंक से तात्पर्य है**

(1) न्याय-अंक

(2) 'विधाता' लिखा होना

(3) भाग्य का लिखा हुआ

(4) न्यायवादी

**निर्देश** : सबसे सही विकल्प चुनिए :

**106. घर की भाषा और विद्यालय में पढ़ाई जाने वाली भाषा**

(1) सदैव समान होती है ।

(2) समान हो सकती है ।

(3) सदैव अलग होती है ।

(4) सदैव टकराहट से गुज़रती है ।

**107. प्राथमिक स्तर पर हिंदी 'भाषा-शिक्षण' के लिए सबसे अधिक महत्त्वपूर्ण है**

(1) पाठ्य-पुस्तक

(2) उच्चस्तरीय तकनीकी यन्त्र

(3) व्याकरणिक नियमों का स्मरण

(4) भाषा-प्रयोग के अवसर

**108. हिंदी-प्रयोग के विविध रूपों को जानने के लिए सर्वाधिक उपयोगी साधन हो सकता है**

(1) शिक्षण की विधियों का संपूर्ण ज्ञान

(2) सुन्दर ढंग से छपी पुस्तकें

(3) उच्चस्तरीय लेखन सामग्री

(4) बाल साहित्य का विविध उपयोग

**109. कक्षा 'एक और दो' के बच्चों के लिए आप किस तरह की कहानी का चयन करेंगे ?**

(1) जिसमें बहुत सारे पात्र हों ।

(2) जिसमें दो ही पात्र हों ।

(3) जिसके शब्दों, वाक्यों और घटनाओं के वर्णन की शैली चित्रात्मक हो ।

(4) जो बहुत छोटी हो ।

**110. प्राथमिक स्तर पर भाषा-शिक्षण की प्राथमिकता होनी चाहिए**

(1) कविता और कहानी के द्वारा केवल श्रवण-कौशल का विकास करना ।

(2) बच्चों की रचनात्मकता और मौलिकता को पोषित करना ।

(3) बच्चों की चित्रांकन-क्षमता का विकास करना ।

(4) केवल बोलकर पढ़ने की क्षमता विकसित करना ।

**111. पढ़ने का प्रारंभ**

(1) कहानियों से होना चाहिए ।

(2) कविताओं से होना चाहिए ।

(3) अर्थ-पूर्ण सामग्री से होना चाहिए ।

(4) वर्णमाला से होना चाहिए ।

**112. भाषा के बारे में कौन-सा कथन उचित है ?**

(1) भाषा एक नियमबद्ध व्यवस्था है ।

(2) भाषा व्याकरण का अनुसरण करती है ।

(3) भाषा और बोली में कभी भी कोई भी संबंध नहीं होता ।

(4) भाषा अनिवार्यत: लिखित होती है ।

AglaSem Career



113. प्राथमिक कक्षाओं में 'रोल प्ले' (भूमिका निर्वाह) का उद्देश्य होना चाहिए

(1) एक पद्धति के रूप में इसका उपयोग करना ।

(2) विभिन्न संदर्भों में भाषा-प्रयोग के अवसर प्रदान करना ।

(3) बच्चों को अनुशासित रखना ।

(4) बच्चों को अभिनय सिखाना ।

114. भाषा हमारे परिवेश में बिखरी मिलती है । यह कथन किस पर लागू नहीं होता ?

(1) अखबार

(2) विज्ञापन

(3) साइनबोर्ड

(4) भाषा-प्रयोगशाला

115. कक्षा में कुछ बच्चें लिखते समय वर्तनी संबंधी त्रुटियाँ करते हैं । एक भाषा-शिक्षक के रूप में आप क्या करेंगे ?

(1) उन्हें सख्त निर्देश देंगे कि वे आगे से गलती न करें ।

(2) उनकी त्रुटियों पर बिलकुल ध्यान नहीं देंगे ।

(3) उनसे शब्दों को बीस बार लिखने के लिए कहेंगे ।

(4) शब्दों का सही रूप लिखते हुए बच्चों को दोनों तरह के शब्दों का अवलोकन करके अंतर पहचानने का अवसर देंगे ।

116. बच्चों की मौखिक भाषा का सतत आकलन करने का सबसे बेहतर तरीका है

(1) प्रश्नों के उत्तर पूछना

(2) विभिन्न संदर्भों में बातचीत

(3) सुने हुए को दोहराने के लिए कहना

(4) शब्द पढ़वाना

117. भाषा में सतत और व्यापक आकलन का उद्देश्य है

(1) भाषा के व्याकरण का आकलन करना

(2) भाषा के मौखिक और लिखित रूपों के प्रयोग की क्षमता का आकलन

(3) पढ़कर समझने की क्षमता का आकलन

(4) वर्तनी की अशुद्धि के बिना लिखने की क्षमता का आकलन

118. भाषा-कक्षा में विभिन्न दृश्य-श्रव्य साधनों का उपयोग का उद्देश्य नहीं है

(1) सभी प्रकार के बच्चों की आवश्यकताओं का ध्यान रखना ।

(2) सीखने-सिखाने की प्रक्रिया को रुचिकर बनाना ।

(3) विद्यालय-प्रमुख के निर्देशों का पालन करना ।

(4) आधुनिक तकनीक को कक्षा में लाना ।

119. पाठ्य-पुस्तक की भाषा

(1) तत्सम प्रधान होनी चाहिए ।

(2) तद्भव प्रधान होनी चाहिए ।

(3) अधिकाधिक कठिन शब्दों से युक्त होनी चाहिए ।

(4) बच्चों की घर व समुदाय की भाषा से मिलती-जुलती होनी चाहिए ।

120. प्राथमिक स्तर पर 'भाषा-सिखाने' से तात्पर्य है

(1) भाषा का व्याकरण सिखाना

(2) उच्चस्तरीय साहित्य पढ़ाना

(3) भाषा का प्रयोग सिखाना

(4) भाषावैज्ञानिक तथ्य स्पष्ट करना

AglaSem Career



Candidates should answer questions from the following Part only if they have opted for **ENGLISH** as **LANGUAGE – II.**

परीक्षार्थी निम्नलिखित भाग के प्रश्नों के उत्तर केवल तभी दें यदि उन्होंने **भाषा – II** का विकल्प **अंग्रेज़ी** चुना हो ।

AglaSem Career





## PART – V
## LANGUAGE – II
## ENGLISH

**Directions :** Read the given passage and answer the questions that follow (Q. Nos. **121** to **129**) by selecting the most appropriate option.

1. The fossil remains of the first flying vertebrates, the pterosaurs, have intrigued paleontologists for more than two centuries. How such large creatures, which had wingspans from 8 to 12 metres, solved the problems of powered flight, and exactly what these creatures were-reptiles or birds – are among the questions scientists have puzzled over.

2. Perhaps the least controversial assertion about the pterosaurs is that they were reptiles. Their skulls, pelvises and hind feet are reptilian. The anatomy of their wings suggests that they did not evolve into the class of birds. In pterosaurs, a greatly elongated fourth finger of each forelimb supported a wing like membrane. In birds the second finger is the principle strut of the wing. If the pterosaur walked or remained stationary, the fourth finger and with it the wing, could only turn upward in an extended inverted V-shape alongside of the animal's body. Both the pterosaurs and the birds have hollow bones, a feature that represents a saving in weight. In the birds, however, these bones are reinforced more massively by internal struts.

3. Although scales typically cover reptiles, the pterosaurs probably had hairy coats. The recent discovery of a pterosaur specimen covered in long, dense and relatively thick hair-like fossil material, was the first clear evidence that this reasoning was correct. Efforts to explain how the pterosaurs became air-borne have led to suggestions that they launched themselves by jumping from cliffs, by dropping from trees, or even by rising into light winds from the crests of waves.

**121. The skeleton of a pterosaur can be distinguished from a birds by the**

(1) size if its wing span.
(2) presence of hollow bones.
(3) hook-like projections at the hind feet.
(4) the anatomy of its wing span.

**122. Which is the characteristic of pterosaur ?**

(1) They hung upside down like bats before flight
(2) Flew to capture prey
(3) Unable to fold their wing fully at rest
(4) Lived mostly in the forest

**123. The elongated finger in the ________ supported the outstretched wings.**

(1) pterosaurs
(2) birds
(3) both
(4) neither

AglaSem Career



**124. The body of the pterosaurs was covered in**

(1) feathers
(2) scales
(3) fur
(4) smooth skin

**125. The pterosaurs flew by**

(1) jumping off a mountain ledge
(2) pushed by wind before take off
(3) jumping upwards with force
(4) momentum gained by running

**126. A synonym for 'compressed', from the passage is**

(1) launch
(2) dense
(3) light
(4) strut

**127. The opposite of 'controversial' is**

(1) questionable
(2) uncertain
(3) debatable
(4) undisputed

**128. It can be understood from the passage that scientists believe that the**

(1) large wings help pterosaurs to fly great distances.
(2) hollow bones showed they evolved from bats.
(3) fossil remains explain how they flew.
(4) pterosaurs walked on all fours.

**129. Fossils often left scientists in doubt whether the pterosaur**

(1) ever existed at all
(2) how many lived at that period
(3) their size and weight
(4) their shape and gender

**Directions :** Read the given passage and answer the questions that follow (Q. Nos. **130** to **135**) by selecting the most appropriate option :

1. A man found a cocoon of a butterfly. One day a small opening appeared. He sat and watched the butterfly for several hours as it struggled to force its body through that little hole. Then it seemed to stop making any progress. It appeared as if it had gotten as far as it could, and it could go no further. So the man decided to help the butterfly. He took a pair of scissors and snipped off the remaining bit of the cocoon. The butterfly then emerged easily. But it had a swollen body and small, shriveled wings. The man continued to watch the butterfly because he expected that, at any moment, the wings would enlarge and expand to be able to support the body, which would contract in time.

2. Neither happened! In fact, the butterfly spent the rest of its life crawling around with a swollen body and shriveled wings. It never was able to fly. What the man, in his kindness and haste, did not understand was that the restricting cocoon and the struggle required for the butterfly to get through the tiny opening were God's way of forcing fluid from the body of the butterfly into its wings so that it would be ready for flight once it achieved its freedom from the cocoon.

**130. The man's first instinct was**

(1) leave the cocoon alone
(2) help the butterfly
(3) leave the butterfly alone
(4) keep watching

AglaSem Career



**131. The natural process would have the wings of the butterfly**

(1) unfold and stretch out

(2) fold up and remain snug

(3) half open and snug against the body

(4) unfold and remain stiff

**132. A word that means 'to make or become withered' is**

(1) moistened

(2) folded

(3) wasted

(4) shrivelled

**133. The writer's message in his/her essay is about**

(1) not to have any problems

(2) need for struggles in life

(3) escape pain at any cost

(4) needless struggles in life

**134. The essay is _________ in form.**

(1) factual

(2) descriptive

(3) discursive

(4) argumentative

**135. A man noticed that the _________.**

(1) butterfly was hidden

(2) cocoon was growing

(3) cocoon was moving

(4) butterfly was emerging

**Directions :** Answer the questions that follow by selecting the most appropriate option :

**136. The 'bottom up model' of curriculum is one where**

(1) learning is based on a set of software to make curriculum more learner friendly.

(2) the curriculum that allows freedom for student mobility with increased choice of curricular activity and encourages learning by doing.

(3) the learning process is geared towards career orientation.

(4) a need-based distance education with indirect influence on students.

**137. The Humanistic Approach is specifically tuned to the**

(1) mastery of academic disciplines with all their characteristic features.

(2) application of learnt structure, content, concepts and principals to new situations.

(3) processes that enable students to discover structures for themselves.

(4) process where sequence is taught along with how to present the related contents.

**138. A 'special needs language classroom' is ideally**

(1) exclusively furnished.

(2) located separately.

(3) integrates all types of learners.

(4) has extra teachers to help regular teachers.

AglaSem Career



**139. One of the challenges of 'Behaviour Management' in a senior class is**

(1) students' readiness to use the smart board.

(2) student's lack of self study skills.

(3) teachers' preference to conduct group rather than individual work.

(4) teachers' lack of self confidence.

**140. To inculcate a 'Never Give Up Attitude', a suitable activity is the one when students**

(1) sang two popular songs and exhibited some of their art and craft works during the parent-teacher meet.

(2) made modifications to their paper planes and tested them again, experimented with the best way to get them to go the distance and shared their finding.

(3) in groups created graphs about the difficult situations that students have had to face in life.

(4) managed to get the Principal's permission to go out and play during the English period.

**141. Assessing reading at Class VII, can be done most effectively through a**

(1) spoken quiz based on the meanings of words and expressions.

(2) written test based the characters and events in the story/text.

(3) an oral interview to find out how much they have read.

(4) writing a 50 word book/text review as a small project.

**142. Curriculum development follows the following sequence :**

(1) Formulation of objectives, assessment of needs, selection of texts/learning experiences, evaluation

(2) Selection of texts/learning experiences, assessment of needs, formulation of objectives, evaluation

(3) Assessment of needs, formulation of objectives, selection of texts/learning experiences, evaluation

(4) Formulation of objectives, assessment of needs, evaluation, selection of texts/learning experiences

**143. The learning experiences that offer a vicarious experience to learners are**

(1) real objects and specimens

(2) abstract words, case study

(3) display boards, film clips

(4) field trips, observations

**144. In Computer Aided Instruction [CAI], the 'simulation mode' is where learners**

(1) experience real life systems and phenomena.

(2) receive bits of information followed by questions with immediate feedback.

(3) a series of exercises with repetition practice.

(4) get problems which are solved by a process of trial and error.

AglaSem Career



**145. A 'listening stimulus'**

(1) presents input to separate groups of students who gather again to share what they listened.

(2) presents an information gap activity such as giving directions.

(3) is listening to a good commentary to review it.

(4) enables students to discuss a set of criteria which they prioritize to complete and present a task.

**146. The 'interactional routine' during speaking assessment includes a**

(1) negotiating meanings, taking turns and allowing others to take turns.

(2) describing one's school or its environs informally.

(3) 'telephone' conversation with another.

(4) comparing two or more objects/places/events for the assessor.

**147. Retrieval skills in writing are**

(1) note making and note taking

(2) diagramming and summarising

(3) abilities to do extensive reference work

(4) organizing information while reading/listening

**148. 'Awareness raising' grammar games encourage students to**

(1) think consciously about the structures they have learnt.

(2) collaborate in completing a given activity.

(3) engage and feel about human relationships while the teacher controls the structures.

(4) use learnt structures to communicate with one another about a given theme.

**149. Language acquisition**

(1) is the memorization and use of necessary vocabulary

(2) involves a systematic approach to the analysis and comprehension of grammar as well as to the memorization of vocabulary.

(3) refers to the process of learning a native or a second language because of the innate capacity of the human brain.

(4) is a technique intended to simulate the environment in which children learn their native language.

**150. Noah Chomsky's reference to "deep structures" means a**

(1) hidden set of grammatical rules learnt through intensive study.

(2) transformational grammar that has led in turn to increased interest in comparative linguistics.

(3) a trend that English is the most common auxiliary language in the world.

(4) universal grammar underlying all languages and corresponding to an innate capacity of the human brain.

AglaSem Career



Candidates should answer questions from the following Part only if they have opted for **HINDI** as **LANGUAGE – II.**

परीक्षार्थी निम्नलिखित भाग के प्रश्नों के उत्तर केवल तभी दें यदि उन्होंने **भाषा – II** का विकल्प **हिन्दी** चुना हो ।

AglaSem Career



# भाग – V
## भाषा – II
## हिन्दी

**निर्देश :** नीचे दिए गए गद्यांश को पढ़कर सबसे उचित विकल्प का चयन कीजिए :

हमारे देश में आधुनिक शिक्षा नामक एक चीज़ प्रकट हुई है । इसके नाम पर यत्रतत्र स्कूल और कॉलेज कुकुरमुत्तों की तरह सिर उठाकर खड़े हो गए हैं । इनका गठन इस तरह किया गया है कि इनका प्रकाश कॉलेज व्यवस्था के बाहर मुश्किल से पहुँचता है । सूरज की रोशनी चाँद से टकराकर जितनी निकलती है, इनसे उससे भी कम रोशनी निकलती है । एक परदेशी भाषा की मोटी दीवार इसे चारों ओर से घेरे हुए है । जब मैं अपनी मातृभाषा के ज़रिए शिक्षा के प्रसार के बारे में सोचता हूँ तो उस विचार से साहस क्षीण होता है । घर की चहारदीवारी में बंद दुलहिन की तरह यह भयभीत रहती है । बरामदे तक ही इसकी स्वतंत्रता का साम्राज्य है : एक इंच आगे बढ़ी कि घूँघट निकल आता है । हमारी मातृभाषा का राज प्राथमिक शिक्षा तक सीमित है : दूसरे शब्दों में, यह केवल बच्चों की शिक्षा के लिए उपयुक्त है, मानी यह कि जिसे कोई दूसरी भाषा सीखने का अवसर नहीं मिला, हमारी जनता की उस विशाल भीड़ को शिक्षा के उनके अधिकार के प्रसंग में बच्चा ही समझा जाएगा । उन्हें कभी पूर्ण विकसित मनुष्य नहीं बनना है और तब भी हम प्रेमपूर्वक सोचते हैं कि स्वराज मिलने पर उन्हें संपूर्ण मनुष्य के अधिकार हासिल होंगे ।

**121. इन स्कूल-कॉलेजों में किस भाषा में पढ़ाई होती है ?**

(1) देशी भाषा में

(2) मानक भाषा में

(3) विदेशी भाषा में

(4) गृहभाषा में

**122. लेखक किस विचार से सहमत नहीं है ?**

(1) मातृभाषा में ही पढ़ाया जाए ।

(2) मातृभाषा का प्रयोग केवल प्राथमिक स्तर तक ही उपयुक्त है ।

(3) मातृभाषा का प्रयोग बहुत सीमित है ।

(4) अन्य भाषाएँ भी सीखना बुरा नहीं है ।

**123. लेखक ने मातृभाषा की तुलना किससे की है ?**

(1) दुल्हन से

(2) चहारदीवारी से

(3) बरामदे से

(4) घूँघट से

**124. आधुनिक शिक्षा के नाम पर ऐसा क्या हुआ जो लेखक को अप्रिय है ?**

(1) सूर्य की रोशनी का चाँद से टकराना

(2) स्कूल-कॉलेजों का अनियोजित तरीके से खुलना

(3) मातृभाषा के ज़रिए शिक्षा देना

(4) लोगों को शिक्षा का अधिकार प्राप्त न होना

**125. 'विचार' शब्द में 'इक' प्रत्यय लगने पर जो शब्द बनेगा, वह है**

(1) विचारिक

(2) वैचारिक

(3) वैचारीक

(4) वेचारिक

AglaSem Career



126. 'साहस' शब्द है
(1) विशेषण
(2) क्रियाविशेषण
(3) भाववाचक संज्ञा
(4) क्रिया

127. 'घर की चहारदीवारी में बंद दुलहिन की तरह यह भयभीत रहती है ।' वाक्य में रेखांकित अंश है
(1) क्रिया विशेषण
(2) निश्चयवाचक सर्वनाम
(3) अनिश्चयवाचक सर्वनाम
(4) संबंधवाचक सर्वनाम

128. स्कूल और कॉलेजों का कुकुरमुत्तों की तरह सिर उठाने से तात्पर्य है कि स्कूल और कॉलेज
(1) नियम के तहत खोले गए हैं ।
(2) अवांछनीय रूप से खोले गए हैं ।
(3) योजना के तहत खोले गए हैं ।
(4) वांछित रूप से खुलवाए गए हैं ।

**निर्देश :** नीचे दिए गए गद्यांश को पढ़कर सबसे सही विकल्प का चयन कीजिए :

राजनीतिक बहसों की गरमी में हम जो भी कहें, अपने राष्ट्रीय अभिमान की अभिव्यक्ति में हम जितना भी जोर से चीखें, सक्रिय राष्ट्रीय सेवा के प्रति हम अत्यंत उदासीन रहते हैं, क्योंकि हमारा देश प्रकाश से हीन है । मानव स्वभाव में निहित कंजूसी के कारण जिन्हें हमने नीचा रख छोड़ा है, उनके प्रति अन्याय से हम बच ही नहीं सकते । समय-समय पर उनके नाम पर हम पैसा इकट्ठा करते हैं, लेकिन उनके हिस्से में शब्द ही आते हैं, पैसा तो अंततः हमारी पार्टी के ही लोगों के पास पहुँचता है । संक्षेप में, जिनके पास बुद्धि, शिक्षा, समृद्धि और सम्मान है, हमारे देश के उस अत्यंत छोटे हिस्से, पाँच प्रतिशत और आबादी के अन्य पंचानवे प्रतिशत के बीच की दूरी समुंदर से भी अधिक चौड़ी है ।

129. लेखक के अनुसार हम किनके प्रति अन्याय करते हैं ?
(1) जो कंजूस हैं ।
(2) जो निम्न वर्ग के हैं ।
(3) जो ज़ोर से चीखते हैं ।
(4) जो राष्ट्र की सेवा नहीं करते ।

130. लेखक के अनुसार हम किनके नाम पर पैसा इकट्ठा करते हैं ?
(1) सभी मानवों के नाम पर
(2) कंजूस लोगों के नाम पर
(3) निम्न वर्ग के लोगों की भलाई के नाम पर
(4) पार्टी के नाम पर

131. 'लेकिन उनके हिस्से में शब्द ही आते हैं.....' वाक्य में रेखांकित शब्द किस अर्थ की ओर संकेत करता है ?
(1) बड़बोलेपन की तरफ
(2) कभी न पूरे होने वाले वादों की तरफ
(3) अपमानजनक भाषा की तरफ
(4) भाषिक सामग्री की तरफ

132. किस शब्द में स्वर रहित पंचम वर्ण के स्थान पर अनुस्वार ( ं ) का प्रयोग किया जा सकता है ?
(1) सम्मान
(2) अत्यन्त
(3) अन्याय
(4) अक्षुण्ण

AglaSem Career



133. 'राष्ट्रीय' शब्द में कौन-सा प्रत्यय है ?

(1) इय

(2) य

(3) ईय

(4) रीय

134. 'जितना भी ज़ोर से चीखें,' वाक्य में क्रिया है

(1) अकर्मक

(2) सकर्मक

(3) प्रेरणार्थक

(4) द्विकर्मक

135. गद्यांश के आधार पर कहा जा सकता है कि

(1) संसाधनों का बँटवारा समान रूप से है ।

(2) संसाधनों का असंतुलित बँटवारा वर्ग-भेद की खाई को बढ़ाता है ।

(3) केवल पाँच प्रतिशत आबादी के पास ही बुद्धि है ।

(4) पंचानवे प्रतिशत आबादी समुंदर के किनारे रहती है ।

निर्देश : सबसे उचित विकल्प चुनिए :

136. भाषा की पाठ्य-पुस्तक में सबसे महत्त्वपूर्ण पक्ष है

(1) वस्तुनिष्ठ अभ्यास

(2) व्याकरणिक नियमों की सैद्धांतिक व्याख्या

(3) पाठों का उद्देश्यपूर्ण चयन

(4) कागज़ की गुणवत्ता और छपाई

137. मौखिक कुशलता में शामिल है

(1) तत्सम शब्दों के प्रयोग की कुशलता

(2) तीव्र गति से बोलने की कुशलता

(3) बोलते समय दृष्टांतों का प्रयोग करने की कुशलता

(4) विभिन्न प्रकार की औपचारिक-अनौपचारिक चर्चाओं में बेझिझक बोलने की कुशलता

138. भाषा के कौशल है

(1) सुनना, बोलना, पढ़ना, लिखना

(2) बोलना, पढ़ना, लिखना, समझना

(3) पढ़ना, लिखना, सुनना, समझना

(4) लिखना, समझना, पढ़ना, स्मरण

139. बच्चे विद्यालय आने से पहले

(1) कोई भी भाषा बोल नहीं सकते ।

(2) सभी भाषाएँ पढ़ सकते हैं ।

(3) सब कुछ लिख सकते हैं ।

(4) अपनी बोल-चाल की भाषा के अनुभवों से लैस होते हैं ।

140. किस तरह के परिवेश में बच्चों का भाषा-विकास अपेक्षाकृत बेहतर होगा ?

(1) एकल परिवार जहाँ माता-पिता मानक भाषा का प्रयोग करते हैं ।

(2) संयुक्त परिवार जहाँ परिवार के सभी सदस्य बच्चों के साथ निरंतर अंत:क्रिया करते हैं ।

(3) आधुनिक तकनीक से लैस कक्षा जहाँ भाषा-प्रयोगशाला का निरंतर प्रयोग होता है ।

(4) शिक्षक द्वारा मानक भाषा का प्रयोग करना

AglaSem Career



141. सुनना कौशल में शामिल है

(1) दूसरों की बात सुनने में रुचि, धैर्य और प्रतिक्रिया

(2) प्रश्नों को ध्यानपूर्वक सुनने की क्षमता का विकास

(3) शांतिपूर्वक सुनना

(4) सुने हुए शब्दों की केवल पुनरावृत्ति

142. किस प्रकार का प्रश्न प्राथमिक बच्चों की भाषायी क्षमता का आकलन करने में सर्वाधिक सक्षम है ?

(1) कहानी को दोहराइए ।

(2) याद की गई कविता सुनाइए ।

(3) किसी दृश्य का वर्णन कीजिए ।

(4) पाठ में से चार संज्ञा शब्द छाँटिए ।

143. बच्चों में पठन-संस्कृति का विकास करने के लिए अनिवार्य है

(1) कक्षा में मुखर वाचन करने का अभ्यास ।

(2) बाल साहित्य पठन हेतु प्रेरणा ।

(3) वर्तनी विन्यास का अभ्यास ।

(4) पठित सामग्री का लेखन-अभ्यास ।

144. प्राथमिक स्तर पर भाषिक रेखांकन और चित्रांकन

(1) एक सह-शैक्षणिक गतिविधि मात्र है ।

(2) बच्चों की अनुकरण प्रवृत्ति को पोषित करता है ।

(3) काव्य-व्याख्या का एकमात्र मार्ग है ।

(4) लेखन-अभ्यास का एक महत्त्वपूर्ण चरण है ।

145. सुहास पढ़ते समय कठिनाई का अनुभव करता है । वह _______ से ग्रसित है ।

(1) डिस्ग्राफिया

(2) डिस्लेक्सिया

(3) डिस्केलकुलिया

(4) डिस्थीमिया

146. भाषा-शिक्षक को स्वयं अपनी भाषा-प्रयोग की क्षमता को बढ़ाना चाहिए क्योंकि

(1) वह भाषा का शिक्षक है ।

(2) विद्यालय का निर्देश है ।

(3) इससे वह दूसरों पर प्रभाव डाल सकता है ।

(4) उसका भाषा-प्रयोग कक्षा में भाषा-वातावरण का निर्माण करता है ।

147. भाषा-अर्जन और भाषा-अधिगम में मुख्य अंतर है

(1) पाठ्य-पुस्तक के अभ्यासों का अभ्यास करने का ।

(2) स्वाभाविकता का ।

(3) भाषा के नियमों को स्मरण करने का ।

(4) भाषा लेखन के अभ्यास का ।

148. एक बहुभाषिक कक्षा में बच्चों की गृहभाषा के प्रयोग को

(1) सम्मान देना चाहिए ।

(2) प्रोत्साहन नहीं देना चाहिए ।

(3) अत्यंत सीमित कर देना चाहिए ।

(4) कदापि प्रोत्साहन नहीं करना चाहिए ।

149. प्राथमिक स्तर पर भाषा-शिक्षण का उद्देश्य है

(1) साहित्य की विधाओं से परिचित कराना

(2) हिंदी के विविध रूपों से परिचय कराना

(3) कुशल लेखक बनाना

(4) कुशल वक्ता बनाना

150. भाषा एक औज़ार है जिसका उपयोग करते हैं

(1) ज़िंदगी को समझने के लिए

(2) ज़िंदगी से जुड़ने के लिए

(3) जीवन-जगत् को प्रस्तुत करने के लिए

(4) ये सभी

AglaSem Career





**SPACE FOR ROUGH WORK**

**रफ कार्य के लिए जगह**

aglasem.com

AglaSem Career



**READ CAREFULLY THE FOLLOWING INSTRUCTIONS:**

1. Out of the four alternatives for each question, only one circle for the correct answer is to be darkened completely with Blue/Black Ball Point Pen on Side-2 of the OMR Answer Sheet. The answer once marked is not liable to be changed.
2. The candidates should ensure that the Answer Sheet is not folded. Do not make any stray marks on the Answer Sheet. Do not write your Roll No. anywhere else except in the specified space in the Answer Sheet.
3. Handle the Test Booklet and Answer Sheet with care, as under no circumstances (except for discrepancy in Test Booklet Code or Number and Answer Sheet Code or Number), another set will be provided.
4. The candidates will write the correct Test Booklet Code and Number as given in the Test Booklet / Answer Sheet in the Attendance Sheet.
5. Candidates are not allowed to carry any textual material, printed or written, bits of papers, pager, mobile phone, electronic device or any other material except the Admit Card inside the examination hall/room.
6. Each candidate must show on demand his / her Admission Card to the Invigilator.
7. No candidate, without special permission of the Superintendent or Invigilator, should leave his / her seat.
8. The candidates should not leave the Examination Hall without handing over their Answer Sheet to the Invigilator on duty and sign the Attendance Sheet twice. Cases where a candidate has not signed the Attendance Sheet a second time will be deemed not to have handed over the Answer Sheet and dealt with as an unfair means case. **The candidates are also required to put their left hand THUMB impression in the space provided in the Attendance Sheet.**
9. Use of Electronic / Manual Calculator is prohibited.
10. The candidates are governed by all Rules and Regulations of the Board with regard to their conduct in the Examination Hall. All cases of unfair means will be dealt with as per Rules and Regulations of the Board.
11. No part of the Test Booklet and Answer Sheet shall be detached under any circumstances.
12. **On completion of the test, the candidate must hand over the Answer Sheet to the Invigilator in the Room / Hall. *The candidates are allowed to take away this Test Booklet with them.***

**निम्नलिखित निर्देश ध्यान से पढ़ें :**

1. प्रत्येक प्रश्न के लिए दिए गए चार विकल्पों में से सही उत्तर के लिए OMR उत्तर पत्र के पृष्ठ-2 पर केवल एक वृत्त को ही पूरी तरह नीले/काले बॉल पॉइन्ट पेन से भरें । एक बार उत्तर अंकित करने के बाद उसे बदला नहीं जा सकता है ।
2. परीक्षार्थी सुनिश्चित करें कि इस उत्तर पत्र को मोड़ा न जाए एवं उस पर कोई अन्य निशान न लगाएँ । परीक्षार्थी अपना अनुक्रमांक उत्तर पत्र में निर्धारित स्थान के अतिरिक्त अन्यत्र न लिखें ।
3. परीक्षा पुस्तिका एवं उत्तर पत्र का ध्यानपूर्वक प्रयोग करें, क्योंकि किसी भी परिस्थिति में (केवल परीक्षा पुस्तिका एवं उत्तर पत्र के संकेत या संख्या में भिन्नता की स्थिति को छोड़कर) दूसरी परीक्षा पुस्तिका उपलब्ध नहीं करायी जाएगी ।
4. परीक्षा पुस्तिका / उत्तर पत्र में दिए गए परीक्षा पुस्तिका संकेत व संख्या को परीक्षार्थी सही तरीके से हाज़िरी-पत्र में लिखें ।
5. परीक्षार्थी द्वारा परीक्षा हॉल/कक्ष में प्रवेश कार्ड के सिवाय किसी प्रकार की पाठ्य सामग्री, मुद्रित या हस्तलिखित, कागज़ की पर्चियाँ, पेजर, मोबाइल फोन, इलेक्ट्रॉनिक उपकरण या किसी अन्य प्रकार की सामग्री को ले जाने या उपयोग करने की अनुमति नहीं है ।
6. पूछे जाने पर प्रत्येक परीक्षार्थी, निरीक्षक को अपना प्रवेश-कार्ड दिखाएँ ।
7. अधीक्षक या निरीक्षक की विशेष अनुमति के बिना कोई परीक्षार्थी अपना स्थान न छोड़ें ।
8. कार्यरत निरीक्षक को अपना उत्तर पत्र दिए बिना एवं हाज़िरी-पत्र पर दुबारा हस्ताक्षर किए बिना परीक्षार्थी परीक्षा हॉल नहीं छोड़ेंगे । यदि किसी परीक्षार्थी ने दूसरी बार हाज़िरी-पत्र पर हस्ताक्षर नहीं किए तो यह माना जाएगा कि उसने उत्तर पत्र नहीं लौटाया है और यह अनुचित साधन का मामला माना जाएगा । **परीक्षार्थी अपने बाएँ हाथ के अंगूठे का निशान हाज़िरी-पत्र में दिए गए स्थान पर अवश्य लगाएँ ।**
9. इलेक्ट्रॉनिक / हस्तचालित परिकलक का उपयोग वर्जित है ।
10. परीक्षा-हॉल में आचरण के लिए परीक्षार्थी बोर्ड के सभी नियमों एवं विनियमों द्वारा नियमित हैं । अनुचित साधनों के सभी मामलों का फैसला बोर्ड के नियमों एवं विनियमों के अनुसार होगा ।
11. किसी हालत में परीक्षा पुस्तिका और उत्तर पत्र का कोई भाग अलग न करें ।
12. **परीक्षा सम्पन्न होने पर, परीक्षार्थी कक्ष / हॉल छोड़ने से पूर्व उत्तर पत्र कक्ष-निरीक्षक को अवश्य सौंप दें । *परीक्षार्थी अपने साथ इस परीक्षा पुस्तिका को ले जा सकते हैं ।***

SEAL